उत्तराखण्ड विधान सभा

# उत्तराखण्ड विधान सभा की कार्यसूची

## शुक्रवार, 22 मार्गशीर्ष, शक संवत्, 1940

**( दिनांक : 07 दिसम्बर, 2018 )**

**समय : 11 : 00 बजे पूर्वाह्न**

1. अल्पसूचित प्रश्न (देखिए नत्थी **"क"**)।
2. अन्य प्रश्न (देखिए नत्थी **"ख"** )
3. निधन के निदेश।
4. सदस्यों की गिरफ्तारी, निरोध व रिहाई की सूचनायें, यदि कोई हों।
5. श्री देशराज कर्णवाल, सदस्य, विधान सभा द्वारा "जनपद हरिद्वार के विधान सभा क्षेत्र झबरेड़ा के ग्राम रसूलपुर में भूमिया खेड़ा का सौन्दर्यीकरण के सम्बन्ध में" श्री समीम पुत्र श्री नफीस ग्राम रसूलपुर, जनपद हरिद्वार एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।
6. श्री देशराज कर्णवाल, सदस्य, विधान सभा द्वारा "जनपद हरिद्वार के ग्राम करोंदी में मेन रोड से माता के स्थान तक सी0सी0 सड़क निर्माण करने के सम्बन्ध में" श्री महिपाल, पुत्र श्री फूलसिंह, ग्राम-करोंदी, पो0-भगवानपुर, जनपद हरिद्वार एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।
7. श्री देशराज कर्णवाल, सदस्य, विधान सभा द्वारा "जनपद हरिद्वार के ग्राम दौडबसी में रविदास मन्दिर तक सी0सी0 सड़क निर्माण के सम्बन्ध में" श्री करण, पुत्र श्री शेरसिंह, ग्राम-दौडबसी, पो0-सिरचंदी, जनपद हरिद्वार एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।
8. श्री शक्ति लाल शाह, सदस्य, विधान सभा द्वारा "जनपद टिहरी गढ़वाल के विधान सभा क्षेत्र घनसाली में नवसृजित तहसील बालगंगा में अधिकारियों/कर्मचारियों की तैनाती के सम्बन्ध में" श्री राजेश सिंह पुत्र श्री चतर सिंह ग्राम श्रीकोट गांव जनपद टिहरी गढ़वाल एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।
9. श्री गोपाल सिंह रावत, सदस्य, विधान सभा द्वारा "जनपद उत्तरकाशी के विधान सभा क्षेत्र गंगोत्री के अन्तर्गत ग्राम अठाली विकास खण्ड भटवाड़ी में क्यूला गाड में आपदा में क्षतिग्रस्त पैदल पुलिया के पुनर्निर्माण के सम्बन्ध में" जयेन्द्र सिंह पंवार पुत्र स्व0 श्री जमन सिंह पंवार, ग्राम-अठाली, पो0 रतूडीसेरा, जनपद उत्तरकाशी एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

10. श्री गोपाल सिंह रावत, सदस्य, विधान सभा द्वारा "विधान सभा क्षेत्र गंगोत्री के अन्तर्गत देवीधार-रनाडी-अठाली-चामकोट-दिलसौड-मनेरा-जोशियाडा-उत्तरकाशी मोटर मार्ग निर्माण के सम्बन्ध में" श्रीमती भागदेई पंवार पत्नी श्री जयेन्द्र सिंह पंवार, ग्राम अठाली पो0 रतूडीसेरा जिला उत्तरकाशी एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

11. श्री राम सिंह कैड़ा, सदस्य, विधान सभा द्वारा "विधान सभा क्षेत्र भीमताल के अन्तर्गत धारी तहसील में सुअरों को मारने के सम्बन्ध में" श्री पान सिंह, पुत्र श्री चिन्ता सिंह, ग्राम-कैड़ा गांव, पो0-जोस्यूड़ा, जनपद नैनीताल एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

12. श्री राम सिंह कैड़ा, सदस्य, विधान सभा द्वारा "विधान सभा क्षेत्र भीमताल के अन्तर्गत नौकुचियाताल झील की मछलियों को मारने के टैण्डर निरस्त करने के सम्बन्ध में" श्री नवीन चन्द्र, पुत्र श्री जगदीश चन्द्र, वार्ड न0 3, पो0-नौकुचियाताल, जनपद नैनीताल एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

13. श्री राम सिंह कैड़ा, सदस्य, विधान सभा द्वारा "विधान सभा क्षेत्र भीमताल में स्वीकृत मोटर मार्गों के टैण्डर होने के बाद भी कार्य प्रारम्भ नहीं होने के सम्बन्ध में" श्री सतीश सुयाल, पुत्र श्री वृजमोहन, ग्राम व पो0 खनस्यू, जनपद नैनीताल एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

14. श्री मनोज रावत, सदस्य, विधान सभा द्वारा "प्रधान मंत्री ग्रामीण सड़क योजना के तहत ऊखीमठ-मनसूना-रांसी मोटर मार्ग के सम्बन्ध में" श्री शिव सिंह पुत्र स्व0 श्री मोहन सिंह, ग्राम व पो0 रांसी, जिला रूद्रप्रयाग एवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगें।

15. श्री मनोज रावत, सदस्य, विधान सभा द्वारा "रूद्रप्रयाग जिले के केदारनाथ विधान सभा क्षेत्र के कार्तिक स्वामी मंदिर और तुंगनाथ क्षेत्र में विद्युतीकरण के सम्बन्ध में" श्री शत्रुघन नेगी, पुत्र श्री कुंवर सिंह, जवाहरनगर अगस्तमुनि, जिला रूद्रप्रयागएवं अन्य निवासीगण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगें। विशेषाधिकार की अवहेलना के प्रश्न, यदि कोई हों।

16. नियम 315 के खण्ड (13) व (14) के अन्तर्गत माननीय अध्यक्ष द्वारा घोषणायें, यदि कोई हों।

17. मंत्रियों द्वारा विविध वक्तव्य, यदि कोई हों।

18. कार्यस्थगन का प्रस्ताव, यदि कोई हो।

19. मुख्यमंत्री प्रस्ताव करेंगे कि उत्तराखण्ड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग (संशोधन) विधेयक, 2018 को उत्तराखण्ड विधान सभा की प्रक्रिया तथा कार्य संचालन नियमावली, 2005 के नियम 152(2) के अन्तर्गत माननीय राज्यपाल द्वारा पुनर्विचार हेतु लौटाये गये विधेयक पर विचार। **(20 मिनट)**

20. मुख्यमंत्री प्रस्ताव करेंगे कि उत्तराखण्ड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग (संशोधन) विधेयक, 2018 को उत्तराखण्ड विधान सभा की प्रक्रिया तथा कार्य संचालन नियमावली, 2005 के नियम 152(2) के अन्तर्गत माननीय राज्यपाल द्वारा पुनर्विचार हेतु लौटाये गये विधेयक का पारण।

21. श्री अध्यक्ष द्वारा दिनांक 23 मार्च, 2018 को सदन में की गयी घोषणा के अनुक्रम में दिनांक 24 मार्च, 2018 को विचाराधीन निम्नलिखित विषय पर विचारः- **(1 घण्टा)**

**"सतत् विकास लक्ष्य (एस0डी0जी0)"**

22. नियम 53 के अन्तर्गत सूचनाएं, यदि कोई हों।

23. विधान सभा क्षेत्र किच्छा के हल्दी स्थित घाटे में चल रहे उत्तराखण्ड बीज एवं तराई विकास निगम को अनुदान अथवा 50 करोड़ रूपये का ब्याज रहित ऋण प्रदान किये जाने के सम्बन्ध में, श्री राजेश शुक्ला, सदस्य विधान सभा द्वारा दिनांक 06 दिसम्बर, 2018 को दी गई सूचना पर, कृषि मंत्री का नियम-53 के अन्तर्गत वक्तव्य।

24. जनपद चमोली के विधान सभा क्षेत्र कर्णप्रयाग के विकास खण्ड गैरसैंण में 37 राजकीय प्राथमिक विद्यालयों में मात्र एक अध्यापक की तैनाती होने के कारण विद्यालय में पठन-पाठन का कार्य बन्द होने के सम्बन्ध में, श्री सुरेन्द्र सिंह नेगी, सदस्य, विधान सभा द्वारा दिनांक 06 दिसम्बर, 2018 को दी गई सूचना पर, शिक्षा मंत्री का नियम-53 के अन्तर्गत केवल वक्तव्य।

**आज्ञा से,**

**(जगदीश चन्द्र)**
**सचिव।**

**देहरादून :**
**दिनांक :06 दिसम्बर, 2018**

तृतीय सत्र, 2018
का प्रथम शुक्रवार

उत्तराखण्ड विधान सभा

# उत्तराखण्ड विधान सभा की
# कार्यसूची
# शुक्रवार,

**मार्गशीर्ष 22, शक संवत्, 1940**

**( दिनांक : 07 दिसम्बर 2018 )**

**नत्थी 'क'**

## <u>अल्पसूचित प्रश्न</u>

**श्री सुरेन्द्र सिंह जीना**
**03.12.2018**

** क्या पशुपालन मंत्री अवगत हैं कि पर्वतीय क्षेत्रों में जनता द्वारा गायों और गौवंश में आने वाले पशुओं को पालना छोड़ दिया गया है जिससे वह खुले में भूखे प्यासे रहने पर विवश हो रहीं है? क्या मंत्री जी इस बात से भी अवगत हैं कि आवारा रहने की स्थिति में वह खेतों में खड़ी फसलों को चरने का कार्य करती है जिस कारण ग्रामवासियों द्वारा अपनी मेहनत को बर्बाद होते देख कर उन्हें मारपीट कर खदेड़ने का कार्य किया जाता है, खुले में रहने पर जंगली जानवरों द्वारा लगातार इनका शिकार भी किया जा रहा है ? यदि हां, तो क्या सरकार गौवंश को संरक्षण देने हेतु सामुदायिक गौशाला खोलने, जनता द्वारा खोली गई ऐसी गौशालाओं को अनुदान देने या फिर अन्य कोई उचित नीति इस संदर्भ में बनायेगी ? यदि हां, तो क्या और कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ?

पशुपालन

# नत्थी 'ख'

## तारांकित प्रश्न

**श्री देशराज कर्णवाल**
**01.11.2018**

*1. **मा0उच्च न्यायालय में लम्बित होने के आधार पर निरस्त।**

क्या आबकारी मंत्री अवगत हैं कि सरकार द्वारा चलाये जा रहे शराब के कारोबार से प्रदेश में शराब पीने वाले नौजवानों का सर्वांगीण विकास रूक रहा है? क्या सरकार जनहित में शराब के इस कारोबार को बन्द करने की योजना बना रही है? यदि हां, तो क्या? यदि नहीं, तो क्यों?

आबकारी

**श्री देशराज कर्णवाल**
**02.11.2018**

*2. क्या गन्ना विकास एवं चीनी उद्योग मंत्री अवगत हैं कि प्रदेश की निजी चीनी मिलें सीजन अवधि में प्रदेश से बाहर से गन्ना खरीदती है, जिन्हें प्रदेश के किसानों से अधिक मूल्य का भुगतान किया जाता है, इससे उत्तराखण्ड के किसानों के हित प्रभावित होते हैं? क्या सरकार ने इसे रोकने हेतु कोई योजना बनाई है? यदि हां, तो क्या? यदि नहीं, तो क्यों?

गन्ना विकास

**श्री देशराज कर्णवाल**
**02.11.2018**

*3. क्या कृषि मंत्री बताने का कष्ट करेगें कि प्रदेश में बीमारियों से बचने व व्यक्ति के सर्वांगीण विकास हेतु आर्गेनिक खेती को बढ़ावा देने के लिए सरकार आर्गेनिक एक्ट बनाने पर विचार कर रही है? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों?

कृषि

**श्री खजान दास**
**14.11.2018**

**द्वितीय बुधवार के तारांकित 05 में स्थानान्तरित ।**

*4 क्या पेयजल मंत्री अवगत हैं कि प्रदेश में ए0डी0बी0के द्वारा विभिन्न शहरो में निर्मित सीवर लाईनें एवं पेयजल योजनायें सुचारू रूप से कार्य कर रही हैं अथवा नहीं? यदि हॉ तो किन –किन शहरों में योजनायें सुचारू रूप से कार्य कर रही है एवं किन–किन शहरों में अब तक भी योजनायें जल संस्थान को स्थानान्तरित नहीं हो पाई है? क्या सरकार अपूर्ण एवं अधूरी योजनाओं, समय अवधि में पूर्ण न होने, गुणवत्ता विहीन योजनाओं की कार्यदायी संस्थाओं के विरूद्व कोई कार्यवाही कर रही है? यदि हां तो, कब तक? यदि नहीं, तो क्यों नहीं?

पेयजल

**श्री सुरेन्द्र सिंह जीना**
**20.11.2018**

*5. क्या पेयजल मंत्री बताने का कष्ट करेगें कि प्रदेश में जल संस्थान, जल निगम में संविदा पर किस–किस श्रेणी में कुल कितने संविदा कर्मी कार्यरत हैं? क्या सरकार वर्षो से कार्यरत ऐसे श्रमिकों को नियमित करने पर विचार करेगी? यदि हॉ तो कब तक?यदि नही तो क्यों?

पेयजल

श्री प्रीतम सिंह पंवार
27.11.2018

*6 क्या पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री बताने का कष्ट करेगें कि उत्तराखण्ड राज्य में पेयजल एवं स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण की कार्यदायी संस्था राज्य जल एवं स्वच्छता मिशन/स्वजल परियोजना के कार्मिकों को पिछले चार माह से वेतन/मानदेय का भुगतान नहीं किया गया है, जिस कारण सभी परियोजना कार्मिक भारी आर्थिक समस्या से गुजर रहे हैं? क्या सरकार बतायेगी कि इन सभी परियोजना कार्मिको का लम्बित वेतन/मानदेय का भुगतान कब तक करा लिया जायेगा? यदि नही तो क्यों?

पेयजल

## अतारांकित प्रश्न

श्रीमती ममता राकेश
01.11.2018

श्री फुरकान अहमद
05.11.2018

1. क्या गन्ना मंत्री अवगत हैं कि प्रदेश में गन्ना किसानों को गत वित्तीय वर्ष 2017–18 का गन्ने का भुगतान नहीं हुआ है? यदि हां, तो भुगतान न होने के क्या कारण है? क्या मंत्री जी बताने का कष्ट करेगें कि गन्ना बकाया का भुगतान किसानों को कब तक कर दिया जायेगा? यदि नहीं, तो क्यों?

गन्ना

श्री धन सिंह नेगी
02.11.2018

2. क्या कृषि मंत्री अवगत हैं कि सरकार विपणन की व्यवस्थाओं को सुदृढ़ करने के लिए मंडी, उप मंडी खोलने का प्रस्ताव करती है? यदि हॉ तो क्या मंत्री जी यह बताने का कष्ट करेंगे कि विधानसभा क्षेत्र टिहरी के चंबा आराकोट में उपमंडी के गत वर्ष के प्रस्ताव पर अभी तक क्या कार्यवाही की गई है? क्या यह भी सत्य है कि मंडी परिषद द्वारा पारित मंडी खोलने के प्रस्ताव के क्रम में विभाग, बजट का प्राविधान भी करता है? यदि हॉ तो चंबा आराकोट उपमंडी के लिए अभी तक प्राविधानित बजट सहित सम्पूर्ण प्रगति से अवगत करायेंगे? यदि नहीं, तो क्यों?

कृषि

श्री देशराज कर्णवाल
06.11.2018

3. क्या कृषि मंत्री अवगत हैं कि अनुसूचित जाति एवं जनजाति बाहुल्य ग्रामों में कृषि विकास के अन्तर्गत कृषि यंत्र वितरण किये गये हैं? यदि हां, तो राज्य के किन–किन जनपदों में अनुसूचित जनजाति बाहुल्य ग्रामों में कृषि यंत्र उपलब्ध कराये गये हैं? यदि नहीं, तो क्यों?

कृषि

| | | |
|---|---|---|
| श्री कुँवर प्रणव सिंह ''चैम्पियन''<br>06.11.2018 | **4.** क्या गन्ना मंत्री अवगत हैं कि जनपद हरिद्वार की आर0बी0एन0एस0 चीनी मिल के द्वारा चालू पेराई वर्ष हेतु अपने सर्वेक्षण में सामान्य जाति के गन्ने की प्रजाति का सर्वे नहीं किया जा रहा है? यदि हां, तो क्या यह आपत्तिजनक नहीं है क्योंकि खाद्दर क्षेत्र में सामान्य प्रजाति के साथ भौगोलिक विषमताओं के कारण कुछ जगह मात्र गन्ने की रिजेक्ट प्रजाति भी बोई जाती है क्या जल पलावन प्रभावित क्षेत्र है? क्या यह भी सत्य है, कि यदि चीनी मिल द्वारा मात्र शीघ्र पकने वाले प्रजाति का ही सर्वे कराया जायेगा तो इससे क्षेत्र के हजारों किसान परिवारों को बहुत नुकसान पहुंचेगा? क्या सरकार लोकहित में लक्सर चीनी मिल को खाददर क्षेत्र के किसानों हेतु विशेष सामान्य सर्वे में रिजेक्ट प्रजाति के गन्ने को भी दिये जाने हेतु आदेश जारी करेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | गन्ना |
| श्री देशराज कर्णवाल<br>14.11.2018 | **5.** क्या वित्त मंत्री बताने का कष्ट करेगें कि प्रदेश के अन्दर कुल कितने ट्रेडर्स पंजीकृत है जो अपना नियमित जी0एस0टी0 जमा कर रहे है? जो ट्रेडर्स जी0एस0टी0 जमा नहीं कर रहे है, क्या सरकार उनके खिलाफ कार्यवाही करने जा रही है? यदि हां, तो क्या? यदि नहीं, तो क्यों? | वित्त |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>14.11.2018 | **6.** क्या कृषि मंत्री अवगत हैं कि विधान सभा क्षेत्र धनोल्टी के अन्तर्गत ग्राम पंचायत कुण्ड सकलाना विकासखण्ड जौनपुर जनपद टिहरी गढ़वाल में परम्परागत कृषि विकास योजना संचालित है जिसमें गांग के 48 किसान पंजीकृत हैं और जैविक कृषि कार्य कर रहें हैं ? क्या यह सत्य है कि गांव में सिंचाई की सुविधा उपलब्ध न होने के कारण इन कृषकों को अपनी उपज का अपेक्षित लाभ नहीं मिल पा रहा है ? यदि हां, तो क्या सरकार बरसाती पानी संचय के लिये रेनवाटर हार्वेस्टिंग टैंकों का निर्माण करायेगी? यदि नहीं तो क्यों ? | कृषि |
| श्री दलीप सिंह रावत<br>14.11.2018 | **7.** क्या आबकारी मंत्री अवगत हैं कि प्रदेश में नशे का कारोबार चल रहा है? यदि हां, तो इसकी वर्तमान में वस्तु स्थिति क्या है? क्या नौजवानों को नशे से बचाने के लिए सरकार कोई ठोस कदम उठा रही है? यदि हां, तो क्या? यदि नहीं, तो क्यों? | आबकारी |
| श्री चन्दन राम दास<br>14.11.2018 | **8.** क्या पेयजल मंत्री अवगत हैं कि विधान सभा क्षेत्र बागेश्वर के अन्तर्गत जेठाई पम्पिंग पेजयल योजना वर्ष 2006–07 से प्रस्तावित है? यदि हां, तो क्या सरकार जेठाई पम्पिंग पेयजल योजना की स्वीकृति हेतु विचार कर रही है? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | पेयजल |

श्री सुरेन्द्र सिंह जीना
14.11.2018

9. क्या उद्यान मंत्री अवगत हैं कि अल्मोड़ा जिले के सल्ट विधान सभा में मुख्यमंत्री जी द्वारा 05 सितम्बर, 2017 को शहीद दिवस के अवसर पर लखोरी मिर्च के उत्पादन को प्रोत्साहन देने व मसाला उद्योग का विकास कराये जाने की स्वीकृति प्रदान की थी? यदि हां, तो क्या मंत्री जी बताने का कष्ट करेंगें कि विभाग द्वारा घोषणा किये जाने से पूर्व भी क्या इस हेतु कोई कार्यवाही की गयी थी, यदि हां, तो उसका विवरण क्या है और मा0 मुख्यमंत्री जी की घोषणा के उपरान्त विभाग द्वारा क्या नई योजना और किसानों को क्या प्रोत्साहन दिया गया है, उसका विवरण? क्या मंत्री जी इस बात से पूर्णतः सन्तुष्ट है कि लखोरी मिर्च की भारी मांग को देखते हुए मुख्यमंत्री जी ने स्वयं इसके उत्पादन को बढ़ाये जाने की जो घोषणा की है उस पर विभाग द्वारा पर्याप्त समय मिल जाने के उपरान्त उचित कार्य किया है तथा विभाग द्वारा किये गये कार्य से सल्ट में उत्पादन और मसाला उद्योग बढ़ेगा? यदि नहीं, तो क्यों?

उद्यान

श्री गणेश जोशी
16.11.2018

10. क्या पेयजल मंत्री अवगत हैं कि मसूरी विधान सभा क्षेत्रान्तर्गत बुरासखण्डा पेयजल योजना से क्षेत्र के 15 से अधिक गांवों को पेयजल की आपूर्ति की जाती है? यदि हां, तो क्या सरकार बुरासखण्डा पेयजल योजना के पुर्नगठन किये जाने पर विचार करेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों?

पेयजल

श्री धन सिह नेगी
16.11.2018

11. क्या पेयजल मंत्री अवगत हैं कि सरकार पम्पिग पेयजल योजनाओ के निर्माण पर विशेष ध्यान दे रही है? यदि हां तो क्या मंत्री यह बताने का कष्ट करेगे कि अभी तक टिहरी जनपद की कितनी पम्पिग योजनाओ पर सरकार द्वारा निर्णय किया गया है? क्या यह भी सत्य है कि विभाग द्वारा मुख्यमंत्री जी की घोषणाओं मे सम्मिलित पम्पिंग योजनाओं को वरीयता दी जा रही है? यदि हां तो क्या मंत्री जी यह बताने का कष्ट करेगे कि विधान सभा क्षेत्र टिहरी के अन्तर्गत कोश्यार ताल पम्पिग योजना द्वितीय चरण को सरकार कब तक प्रारम्भ करने जा रही है? यदि नही, तो क्यो?

पेयजल

श्री प्रीतम सिंह पंवार
19.11.2018

12. क्या पेयजल मंत्री बताने का कष्ट करेगें कि विधान सभा क्षेत्र धनोल्टी के अन्तर्गत विकास खण्ड थौलधार के गैर नगुण ग्राम पंचायत में कैरागाड़ से गैर नगुण अनुसूचित जाति बस्ती थापला तथा डडोली गाड़ से अनुसूचित जाति बस्ती लोलदी रा0इ0का0 गैर नगुण तथा ग्राम पंचायत जामणी में तिलगडा से जामणी बयाड़गांव तक पेयजल की भारी कमी के चलते ग्रामीणों द्वारा पेयजल योजनाओं के निर्माण की मांग शासन प्रशासन /सरकार से की जा रही है? क्या सरकार पेयजल की भारी समस्या को देखते हुए उपरोक्त योजनाओं को एन0आर0डी0डब्ल्यु0पी0 कार्यक्रम में स्वीकृत करवायेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों?

पेयजल

| | | |
|---|---|---|
| श्री सुरेन्द्र सिह जीना<br>19.11.2018 | 13. क्या पेयजल मंत्री बताने का कष्ट करेगे कि अल्मोडा जिले की सल्ट विधानसभा के अन्तर्गत किन–किन क्षेत्रो मे हैण्डपम्प अधिष्ठापित किये जाने की मॉग किस स्तर से प्राप्त हुई है और प्राप्त मॉग के सापेक्ष मे किन–किन स्थानों पर आज समय तक हैण्डपम्प अधिष्ठापित किये गये है? क्या मंत्री यह भी बताने का कष्ट करेगे कि अवशेष स्थानो पर कब तक हैण्डपम्प अधिष्ठापित किये जायेगे और हैण्डपम्प अधिष्ठापित न किये जाने के कारण उत्पन्न पेयजल संकट के निवारण हेतु पेयजल की क्या कोई वैकल्पिक व्यवस्था की गयी है? यदि हॉ, तो क्या? यदि नहीं, तो क्यो? | पेयजल |
| श्री खजानदास<br>19.11.2018 | 14. क्या पेयजल मत्री बताने का कष्ट करेगें कि जनपद टिहरी गढवाल के विकासखण्ड जौनपुर अन्तर्गत काण्डी पम्पिंग पेयजल योजना की स्वीकृति की मॉग क्षेत्रवासियों द्वारा लम्बे समय से की जा रही है किन्तु अब तक भी काण्डी पम्पिंग योजना को स्वीकृति प्रदान नही की गई है? क्या सरकार काण्डी पम्पिंग पेयजल योजना को शीघ्र स्वीकृति प्रदान करेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नही, तो क्यों? | पेयजल |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>22.11.2018 | 15. क्या वर्षाजल संग्रहण मंत्री बताने का कष्ट करेगें कि प्रदेश में सरकार द्वारा वर्षा जल के समुचित संग्रहण के लिए क्या–क्या उपाय किये जा रहे है? क्या सरकार वर्षा जल संग्रहण के लिए महिला/युवक मंगल दलों तथा वन पंचायतों का सहयोग लेकर वर्षा जल संग्रहण के लिए कोई ठोस व कारगर नीति बनाने जा रही है? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | वर्षाजल संग्रहण |
| श्री सहदेव सिंह पुण्डीर<br>22.11.2018 | 16. क्या पेयजल मंत्री अवगत है कि जनपद देहरादून की विधानसभा सहसपुर के अर्न्तगत पेयजल की गम्भीर समस्या दिन–प्रतिदिन बढ़ती जा रही है और पूर्व में डाली गई पेयजल लाईने लगभग 30–40 वर्ष पुरानी है। जो कि जंक खा चुकी है, और जर्जर हालत में है जिस कारण पेयजल सुचारू रूप से उपलब्ध नहीं हो पा रहा है? क्या समस्या से निजात दिलाये जाने हेतु पेयजल योजना के पुर्नगठन की कोई कार्यवाही प्रस्तावित है? यदि हॉ, तो कब तक? यदि नही, तो क्यों? | पेयजल |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>26.11.2018 | 17. क्या कृषि मंत्री बताने का कष्ट करेगें कि राज्य के ग्रामीण काश्तकारों को रेन हार्वेस्टिंग टैंक बनाने के लिए सरकार द्वारा किस योजना के तहत ऋण/अनुदान उपलब्ध कराया जा रहा है? यदि हां, तो वह क्या है? यदि नहीं, तो क्यों? | कृषि |

| | | |
|---|---|---|
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>26.11.2018 | **18.** क्या पेयजल मंत्री बताने का कष्ट करेगें कि विधान सभा क्षेत्र धनोल्टी के अन्तर्गत कुछ गांवों में पेजयल संकट उत्पन्न होने, पारम्पारिक पेयजल स्त्रोतों में भारी कमी होने के फलस्वरूप ग्राम पंचायत कटखेत, मंजरूवाल (थौलधार) सिजल,,खटट, अगिण्डा (जौनपुर) में सरकार हैण्ड पम्प स्थापित करायेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | पेयजल |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>27.11.2018 | **19.** क्या पेयजल मंत्री बताने का कष्ट करेगें कि विधानसभा क्षेत्र धनोल्टी के विकासखण्ड मुख्यालय थत्यूड (जौनपुर) में आबादी निरन्तर बढ़ने तथा पेयजल की कमी के चलते मिनी ट्यूब वैल का निर्माण करायेगी? यदि हॉ तो, कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | पेयजल |
| श्री विनोद कण्डारी<br>27.11.2018 | **20.** क्या कृषि मंत्री बताने का कष्ट करेगें कि प्रदेश के किसानों की आय को बढ़ाने हेतु कौन–कौन सी योजनायें संचालित है? क्या मंत्री यह भी अवगत कराने का कष्ट करेंगे कि अब तक प्रदेश में कुल कितने किसानों की आय में वृद्धि हुई है? इनका विकासखण्ड वार विवरण प्रस्तुत करेगें? यदि नहीं, तो क्यों? | कृषि |
| श्री कैलाश चन्द्र गहतोड़ी<br>27.11.2018 | **21.** क्या पेयजल मंत्री बताने का कष्ट करेगें कि विधान सभा क्षेत्र चम्पावत के अन्तर्गत धूरा ग्राम समूह पेयजल पम्पिंग योजना प्रस्तावित है? क्या सरकार जनहित में शीघ्र इसका निर्माण करायेगी? क्या सरकार जनहित में शीघ्र इसका निर्माण करायेगी? यदि नहीं, तो क्यों? | पेयजल |
| श्री कैलाश चन्द्र गहतोड़ी<br>27.11.2018 | **22.** क्या पेयजल मंत्री बताने का कष्ट करेगें कि विधानसभा क्षेत्र चम्पावत के अन्तर्गत टनकपुर में पूर्णागिरी धाम पम्पिंग योजना प्रस्तावित है? क्या सरकार जनहित में शीघ्र इसका निर्माण करायेगी? यदि हॉ तो, कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | पेयजल |